फा. सं. 8/1/2023–24/हिं.क./नीपा

# राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

## हिंदी कक्ष

## (कार्यशाला का आयोजन)

संस्थान (नीपा) में हिंदी कक्ष द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2023 को (i) **"हिंदी कंप्यूटरिंग उपकरण कंठस्थ एवं हिंदी में कार्यालयीन कार्य"** विषय पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला नीपा के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, अनुभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा कार्यान्वयन में अनुपालन की दक्षता हेतु आयोजित की जा रही है। कार्यशाला **दिनाँक 01 अगस्त, 2023 को प्रातः 10:00 से 01:00 बजे अपराह्न** के दौरान **कक्ष सं. 114** में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता **डॉ. राजीव कुमार रावत, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, राजभाषा विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**, होंगे। आपसे अनुरोध है कि कार्यशाला में भाग लेकर संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशों पर कार्य योजना, कार्रवाई एवं प्रेरणा ग्रहण करें।

**विशेष अनुरोधः** सभी अनुभाग अधिकारी स्वयं के साथ अपने अनुभाग के सहयोगियों के साथ अपनी सादर उपस्थिति सुनिश्चित करें। **(इस कार्यशाला के उपरांत संस्थान की समस्त अधिसूचनाएं कार्यालयों द्वारा हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी की जायेंगी तथा वेबसाइट पर दोनों भाषाओं में साथ ही अपलोड की जायेंगी।** अतः यह कार्यशाला अधिसूचनाओं के अंग्रेजी संस्करण के साथ ही हिंदी संस्करण तैयार करने के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ' की तकनीकों पर केंद्रित होगी।

रवि 28/7/23

(डॉ. रवि प्रकाश सिंह)
*हिंदी संपादक*

प्रतिः–

1. नीपा के समस्त प्रशासनिक अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी।
2. नीपा के समस्त कर्मचारी।

प्रतिसूचनार्थः–

3. कुलपति महोदय के वरिष्ठ निजी सचिव।
4. कुलसचिव महोदय के निजी सहायक।
5. सूचना पट्ट।
6. ✓ सिस्टम एनालिस्ट (वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)।